## 5.3.2 Sports and Cultural Programmes Organised by the institutions:-

*Sports and Athletic Meet:*



200 मीटर दौड़ में सपना फर्स्ट

करसोग कालेज में सालाना एथलेटिक मीट, 400 मीटर में भीष्मा ने मारी बाजी







Government College Karsog organised many sports activities throughout the academic sessions. The institutions have the teams of Kabaddi, Kho-kho, Table –Tennis, Badminton, Boxing Volleyball, etc. Every year, college organises Athletic Meet on 29 August. The main purpose of these sports activities to enhance the personality of students by imparting various traits in them. Sports are said to boost, alertness, discipline, mental ability, confidence and concentration of students. Sports develop the skills of co-ordination, multitasking and situational awareness among the students.

***Cultural Activities***

*Science Day Celebration*






**करसोग कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा**

न्यूज एक्सप्रेस। करसोग

राजकीय महाविद्यालय महाविद्यालय करसोग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जेड2023 धूमधाम के साथ मनाया गया ,इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के साथ-साथ कॉमर्स और कला संकाय के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।महाविद्यालय की ओर से +जे सी बोस साइंस सोसायटी+ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों के लिए विभिन्न 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गुलशन महाजन ने शिरकत की तथा गेस्ट ऑफ ऑनर डॉक्टर यमुना शर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आगाज सुबह 10ः00 बजे पोस्टर मेकिंग कंपटीशन के साथ हुआ जिसका विषय +रिन्यूएबल एनर्जी आवर कॉमन फ्यूचर+ रखा गया था।इस कार्यक्रम में 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया साथ ही साथ +नारा लेखन प्रतियोगिता+ का थीम +भूमि बचाओ+ रखा गया था जिसमें क्रमशः 29 विद्यार्थियों ने भाग लिया। तत्पश्चात रंगोली कंपटीशन में 5 विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए धरा बचाओ नारे पर सुंदर रंगोली बनाई जिसे देखकर विद्यार्थी देखने वाले विद्यार्थी भी अचंभित हो गए। इसके साथ साथ महाविद्यालय में +वेस्ट मेटेरियल से प्रोजेक्ट मेकिंग कंपटीशन+ तथा +वर्किंग साइंस मॉडल मेकिंग कंपटीशन+ भी करवाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के सभी साथियों को मॉडल के भीतर संबंधित विज्ञान से परिचित करवाया । तत्पश्चात महाविद्यालय के सभागार में 11ः30 पर रंगारंग कार्यक्रम के साथ साथ भाषण प्रतियोगिता, क्विज कंपटीशन करवाया गया।


Science day is celebrated every year on 28 Feb. On this day, various Science related activities and cultural activities are being conducted. The main objective of celebrating National Science Day is to encourage the Indian youth to develop an interest in and understand the importance of science. On this day, students take part in quiz, science demonstration and many projects.

*Women Day Celebration*







# करसोग कॉलेज में महिला दिवस पर प्रतियोगिताएं करवाईं

■ प्यारे लाल शर्मा, करसोग

महाविद्यालय करसोग में महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय प्रचार्य डॉ गुलशन महाजन ने शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा विविध गतिविधियों में भाग लिया गया। इसमें भाषण प्रतियोगिता, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, एकल गीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाट्य मंचन आदि का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमशः हिमांशु, तनुजा, पूजा रहे। मेहंदी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय क्रमशः तोशीन, संजना, रितिका ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पल्लवी, द्वितीय नीतिशा, तृतीय नेहा शर्मा रहीं। नारा लेखन में पहला स्थान अंजना, दूसरा स्थान पल्लवी, तीसरा स्थान सुनीता ठाकुर ने झटका। एकल गीत में शबनम, डिंपल, टीना प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। एकल नृत्य में आस्था, तनुजा पहला, दूसरा, स्थान प्राप्त किया। इसके साथ नाट्य मंचन में इशानी एंड ग्रुप ने पहला और अंकिता एंड ग्रुप ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में ज्योति एंड ग्रुप, प्रिया एंड ग्रुप, मनीषा एंड ग्रुप क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका डॉ बीरबल सिंह, प्रो डालिम कुमार और प्रो ऋषभ भारद्वाज ने निभाई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो रुचि नारंग ने की। इसमें छात्रा अध्यक्ष वंदना ने महिला दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ यमुना शर्मा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो पंकज गुप्ता, प्रो राहुल, डॉ विनोद शर्मा, डॉ लीलाधर, प्रो उगम, टेक चंद, चेतन, प्रो उगम ने विशेष योगदान दिया। महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ सदस्य प्रो शीतल, प्रो विद्या, प्रो वर्षा, डॉ सावित्री, डॉ सुमेधा, डॉ लता, डॉ प्रीति, प्रो रामेश्वरी, प्रो पूनम, प्रो शालिनी ने इस कार्यक्रम में विशेष भूमिका निभाई। मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया एवं वक्तव्य के माध्यम से नारी सम्मान के संदेश दिया।

**भाषण प्रतियोगिता में हिमांशु प्रथम**

The women Cell of the Institution, celebrates Women Day on 8 March every year. It is a day when women are recognised for their achievement without regard to division, whether National, ethnic, linguistic, cultural, economic or political. To main purpose of celebrating the day is to empower women and to recognise their contribution to society.

***HPU Youth Festivals***

*Participation in inter-college activities ensures to showcase their talent in full resplendence and grandeur*

.

***Annual Prize Distribution Function***



***Dramatic Activities***

*To stimulate creativity and smart learning in students through drama and acting*









## शिमला



# करसोग में ईदगाह का मंचन

## 'कफन' पर भी नाटक का प्रदर्शन, करसोग कालेज में रंग कर्मियों ने सामाजिक कुरीतियों पर किया तीखा प्रहार

**कार्यालय संवाददाता-करसोग**

प्रसिद्ध महान लेखक मुंशी प्रेमचंद एक लेखक का नाम ही नहीं बल्कि एक साधना का नाम है। उन्हीं को समर्पित राजकीय महाविद्यालय करसोग में ड्रामाटिक क्लब के रंगकर्मियों ने हिंदी साहित्य जगत के महास्तंभ, पुरोधा, महानायक मुंशी प्रेमचंद को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए जीवंत रूप से सामाजिक कुरीतियों को सामने नाटक के माध्यम से रखा। तीन कहानियों पर शानदार नाटक का मंचन किया जिसमें ड्रामाटिक क्लब करसोग के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा की अमिट छाप रखी। तीन प्रख्यात कहानियों पर आधारित नाटक मंचन के दौरान प्रतिभावान कलाकारों की मेहनत उनके अभिनय से जहां दिखाई दी वहीं ड्रामाटिक क्लब के समन्वयक कलभूषण शर्मा का मार्गदर्शन भी कलाकारों के अभिनय में दिखा। महान लेखक मुंशी प्रेमचंद को श्रद्धांजलि भेंट करने वाले राजकीय महाविद्यालय के इस समारोह के दौरान सहप्राचार्य सुदामा राम बतौर मुख्यातिथि पहुंचे, जिन्होंने ड्रामाटिक क्लब के सभी कलाकारों को शानदार अभिनय की प्रस्तुतियां दौरान तीन नाटक का मंचन सफलतापूर्वक करने पर बधाई दी व समन्वयक कुलभूषण शर्मा के प्रयासों को भी सराहा। इस बारे में ड्रामाटिक क्लब के समन्वयक कुलभूषण शर्मा ने जानकारी दी कि मुंशी प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में उनकी तीन प्रख्यात रचनाओं में ईदगाह, कफन और सद्गति पर आधारित नाटक का मंचन किया जिसमें महान लेखक मुंशी प्रेमचंद द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों को अपनी कलम के माध्यम से उजागर किया।



उनके उपन्यास और कहानियों में भारत का सजीव चित्रण दिखता है। इस नाटक में सुनीता, विक्रम, रविनाक्षी, रुचिका, चंदा, सविता, हितेश, ईशानी और खुशबू ने किरदार निभाया। दूसरी नाट्य प्रस्तुति मुंशी प्रेमचंद की लिखी चर्चित कहानी "कफन" पर आधारित थी। इस नाटक में तनुजा, तरुण, चारु, सोनिया, दीपिका, रितिका, अनिता, रोशन लाल और अजय ने अपनी भूमिका निभाई। मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह में अंतिम नाट्य प्रस्तुति सद्गति पेश की गई जिसमें ज्योति, पुनिता, हितेश, अदिति, गौरव, पूजा, उषा, अंजलि, हीन और लोकेंद्र ने उम्दा अभिनय किया और दर्शकों को बांधे रखा। पिछले कई सालों से रंगमंच के साथ जुड़े कलाकार हितेश की एक्टिंग तो इस कद्र जीवंत थी कि मानो मिले रोल के मुताबिक ही उसमें बसे हुए हैं यहां तक कि सहयोगी सभी कलाकारों ने शानदार एक्टिंग का नमूना रखते हुए भावुकता के भी ऐसे क्षण जिए की महाविद्यालय का मंच परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज से हुए कलाकारों का प्रोत्साहन हुआ। मुंशी प्रेमचंद को श्रद्धांजलि भेंट करते हुए ड्रामाटिक क्लब के समन्वयक कुलभूषण शर्मा जो स्वयं भी महाविद्यालय में प्रोफेसर होते हुए कलाकार भी हैं उनकी मेहनत व मार्गदर्शन भी कलाकारों की एक्टिंग में साफ दिखाई दिया यहां तक कि सहप्राचार्य सुदामा राम ने कलभूषण शर्मा के प्रयासों को महाविद्यालय की उपलब्धि बताया।

## Special Activities during Last Five Years

*Organised NSS State Level Mega Camp to promote National integration by diversity of Indian culture (24 to 28 Sep, 2019)*



एनएसएस कैंप से मिलती है सीख

करसोग कालेज में मेगा शिविर का समापन, 70 कालेजों से आए 300 छात्रों ने लिया हिस्सा

***Silver Jubilee Celebration***

*GC Karsog celebrated Silver Jubilee to mark a significant milestone, commemorating 25 years of educational excellence and community building. (28 Feb, 2020)*



# Ek Bharat Shreshtha Bharat Cultural Exchange Programme




## Cultural Exchange Programme

**Under the banner of**

## "EK BHARAT SHRESHTHA BHARAT"

**on October 02, 2020 at 3 PM on Google Meet: https://meet.google.com/nsj-bfdx-rmi**

**Government College Karsog, District Mandi, Himachal Pradesh**

**and**

**Bishop Chulaparambil Memorial College Kottayam, Kerala**



*SVEEP Awareness Programme during State Legislative Election*
*12 Nov, 2022*

*Mini Jamboree held at Odisha From 01 to 07 Dec, 2019*

*International Cultural Jamboree Held at Moodubidire Dakshina Kannada, Karnataka 21 to 27 Dec, 2022*

Principal
Govt. College Karsog
Distt. Mandi (H.P.)